(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

सार्वजनिक सूचना

01 मार्च 2022

विषय: संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) - 2022 (सत्र 1) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने से संबंधित.....

उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने 2019 से, NTA को, संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मुख्य) आयोजित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा **जेईई (मुख्य)** में **दो पत्र** शामिल हैं। **पत्र 1,** NITs, IIITs, अन्य केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (CFTIs), को सहभागी राज्य सरकारों द्वारा मान्यता प्राप्त वित्तपोषित संस्थानों / विश्वविद्यालयों के पूर्वस्नातक इंजीनियरिंग कार्यक्रमों (B.E/B.Tech) में प्रवेश हेतु आयोजित किया जाता है। यह परीक्षा, जेईई (एडवांस) के लिए भी एक **पात्रता परीक्षा** है, जो IITs में प्रवेश हेतु आयोजित की जाती है। **पत्र 2,** देश में, **B. Arch तथा B. Planning** पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आयोजित किया जाता है।

जेईई (मुख्य) - 2022 अगले शैक्षिक सत्र (२०२२-२३) में प्रवेश के लिए 02 (दो) सत्रों में आयोजित किया जाएगा। संबंधित विवरण नीचे दिए गए हैं:

पत्र	विषय	भाग A	भाग B	परीक्षा की पद्धति	परीक्षा का समय (IST)	
					प्रथम पाली	द्वितीय पाली
पत्र 1 (B.E./B.Tech.)	गणित	20*	10*	कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) पद्धति	सुबह 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक	शाम 03:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक
	भौतिकी	20*	10*			
	रसायनशास्त्र	20*	10*			
	कुल	90				
पत्र 2A (B. Arch.)	गणित – भाग I	20*	10*	कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) पद्धति से अभिकल्पन परीक्षा (भाग-III) को छोड़कर, जो कि A4 आकार के ड्राइंगशीट पर पेन और पेपर (ऑफलाईन) पद्धति से होगी	सुबह 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक	शाम 03:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक
	एप्टीट्युड परीक्षण – भाग II	50				
	अभिकल्पन परीक्षण – भाग III	02				
	कुल	82				
पत्र 2B (B. Planning)	गणित – भाग I	20*	10*	कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) पद्धति	शाम 03:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक	
	एप्टीट्युड परीक्षा–भाग II	50				
	प्लानिंग – भाग III	25				
	कुल	105				

** पत्र 1 और पत्र 2 के भाग -1 के लिए, प्रत्येक विषय में दो खंड होंगे। भाग A में बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) और भाग B में, ऐसे प्रश्न होंगे जिनके उत्तरों को संख्यात्मक मूल्य के रूप में भरना है। भाग B में, अभ्यर्थियों को 10 में से किसी भी 05 (पांच) प्रश्न करने हैं। दोनों भाग A और भाग B के लिए नकारात्मक अंकन होगा। भाग B में प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित जगह पर, माउस और ऑन-स्क्रीन वर्चुअल न्यूमेरिक कीपैड का उपयोग करके उत्तर का सही पूर्णांक मान दर्ज करें। भाग B के लिए, उत्तर को निकटतम पूर्णांक में गोल किया जाना चाहिए।*

प्रश्नपत्रों का माध्यम: राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) से अभिकल्पित, जेईई (मुख्य)- 2022, ***हिन्दी, अंग्रेजी और गुजराती के अलावा असमिया, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू,*** **में आयोजित किया जाएगा।**

परीक्षाओं की तारीखें:

सत्र 1 (अप्रैल2022)	सत्र 2 (मई 2022)
16, 17, 18, 19, 20 तथा 21 अप्रैल 2022	24, 25, 26, 27, 28 तथा 29 मई 2022

महत्वपूर्ण निर्देश:

i. अभ्यर्थी जेईई (मुख्य) - 2022 सत्र 1 के लिए केवल **01.03.2022 से 31.03.2022 (17:00 बजे तक)** तक, "ऑनलाइन" मोड में आवेदन कर सकते हैं।

ii. **31.03.2022 तक शुल्क (जो लागू हो) का ऑनलाइन भुगतान** क्रेडिट/डेबिटकार्ड/नेटबैंकिंग/यूपीआई/पेटीएम वॉलेट द्वारा किया जा सकता है **(11:30 बजे।)**

iii. जेईई (मुख्य) - 2022 के पहले सत्र में, केवल सत्र 1 दिखाई देगा और अभ्यर्थी इसका चयन कर सकते हैं। अगले सत्र में, सत्र 2 दिखाई देगा, और अभ्यर्थी उस सत्र का चयन कर सकते हैं। सत्र 2 के लिए आवेदन विंडो, सूचना विज्ञप्ति में उपलब्ध विवरणों के अनुसार फिर से खोला जाएगा।

iv. प्रत्येक सत्र के लिए अभ्यर्थी द्वारा केवल एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना है। एक ही सत्र के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत एकाधिक आवेदन पत्र किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

v. अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र को बहुत सावधानी से भरने का अनुरोध किया जाता है। एक बार आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने के बाद कोई सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अभ्यर्थी, जो जेईई (मुख्य) - 2022 में उपस्थित होने की इच्छा रखते हैं, वे https://jeemain.nta.nic.in/ वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत सूचना देख सकते हैं।

जेईई (मुख्य) - 2022 से संबंधित स्पष्टता के लिए अभ्यर्थी 011-40759000 पर संपर्क कर सकते हैं या jeemain@nta.ac.in पर ईमेल भी कर सकते हैं।

(डॉ० साधना पाराशर)
वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा)